**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 27.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से सिक्किम दौरे पर, सिक्किम की 50वीं वर्षगांठ पर 4 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं करेंगे समर्पित।**

2. **गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे की मांग पर केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को भूमि नीति की समीक्षा कर आवश्यक बदलाव करने का दिया सुझाव।**

3. **झारखंड पात्रता परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लगाए सरकार पर लापरवाही के आरोप, जेएमएम प्रवक्ता ने कहा– लापरवाही को लेकर सरकार गंभीर।**

4. **एनटीए ने नीट दो हजार छब्बीस के लिए एडमिट कार्ड किया जारी, आधिकारिक वेबसाइट से उम्मीदवार कर सकते हैं डाउनलोड, तीन मई को होगी परीक्षा।**

**और**

5. **भारत की महिला कबड्डी टीम ने एशियन बीच गेम्स में छठी बार जीता स्वर्ण पदक, फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 47–31 से हराया।**

**और अब समाचार विस्तार से**

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से सिक्किम के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे आज सिक्किम में बिरलू द्वार से एमजी मार्ग तक रोड शो करेंगे। श्री मोदी कल सिक्किम के राज्य बनने के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पालजोर स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में शामिल होंगे, जहां वे राज्य में चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

********************

राज्यसभा में भाजपा के सांसदों की संख्या अब एक सौ तेरह हो गई है, आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के विलय को सभापति ने मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राज्यसभा में भाजपा के सांसदों की संख्या बढ़कर एक सौ तेरह हो गई है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दी है। इनमें राघव चड्ढा, डॉ. अशोक कुमार मित्तल, संदीप पाठक, स्वाति मालीवाल और हरभजन सिंह शामिल हैं। विलय के बाद राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसदों की संख्या घटकर तीन रह गई है।

********************

गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे की मांग पर केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को भूमि नीति की समीक्षा कर आवश्यक बदलाव करने का सुझाव दिया है। सांसद ने संथाल परगना सहित कई क्षेत्रों में 2012 की अधिसूचना और भूमि वर्गीकरण से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं को उठाया था, जिससे विकास प्रभावित हो रहा है। केंद्र ने स्पष्ट किया कि भूमि राज्य सूची का विषय है, इसलिए इस पर अंतिम निर्णय राज्य सरकार के स्तर पर ही लिया जाएगा। डॉ. दुबे ने इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे निवेश, उद्योग, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं की स्थिति पर सवाल उठाते हुए जेपीएससी की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हालिया झारखंड पात्रता परीक्षा में बोकारो और रांची के केंद्रों पर प्रश्नपत्र नहीं पहुंचने सहित कई गड़बड़ियां सामने आई हैं, जिससे परीक्षा की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है।

वहीं बीजेपी नेता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है।

इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि सरकार लापरवाही को लेकर गंभीर है और जल्द ही इसका समाधान करेगी——

********************

रांची स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के स्थापना दिवस समारोह में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि कानून के छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती खुद को पूर्वाग्रहों से मुक्त रखना है। उन्होंने कानून की पढ़ाई को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए निष्पक्ष सोच विकसित करने पर जोर दिया। इस मौके पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

********************

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। 5 से 18 वर्ष तक के भारतीय बच्चे, जो 31 जुलाई 2026 तक इस आयु सीमा में आते हैं, इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। यह पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में दिया जाता है।

********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स के माध्यम से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। बता दें कि नीट परीक्षा का आयोजन 3 मई को दोपहर दो बजे से शाम पांच तक किया जाएगा।

********************

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ड्रग्स नेक्सस और हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर विशेष टीम तैनात करने को कहा है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

********************

हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना में मां—बेटे की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में चंदन कुमार और उनकी मां विद्या देवी शामिल हैं। हादसा उस समय हुआ जब परिवार पटना से शादी समारोह से लौट रहा था। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े हाईवा से टकरा गई।

********************

जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में रेलवे के नए लॉबी गेट के पास एक रेलवे कर्मचारी की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस हत्या के पीछे ठेकेदारी, जमीन विवाद समेत कई एंगल पर जांच कर रही है।

********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक में आज सुबह के कारोबार में लगभग शून्य दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 296 अंक बढ़कर 76 हजार 960 जबकि निफ्टी 96 अंक की वद्धि के साथ 23 हजार 994 पर कारोबार कर रहा था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 600 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 55 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

गर्मी को देखते हुए रांची ट्रैफिक पुलिस की ओर से जवानों को ग्लूकोज, छाता और अन्य सुविधाएं दी जा रही है। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि जवानों को सीएसआर फंड से टोपी सहित अन्य चीजें दी जा रही है जिससे वे धूप से बच सकें।

********************

गर्मी के मौसम में जानवरों को सुरक्षित रखने के लिए रांची जू में विशेष व्यवस्था की गई है। बिरसा जैविक उद्यान के डॉक्टर ओमप्रका"ा साहू ने बताया कि जानवरों को भीषण गर्मी में कूलर, बाथ टब और खास डाइट भी दिए जा रहे हैं।

********************

भारत की महिला कबड्डी टीम ने ए"ायन बीच गेम्स दो हजार छब्बीस में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार छठी बार स्वर्ण पदक जीता। फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 47—31 से हराया। मुकाबले के पहले हाफ में श्रीलंका ने कड़ी टक्कर दी और स्कोर 20—18 रहा, लेकिन अंतिम 10 मिनट में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 27—13 की बढ़त बनाकर 16 अंकों से जीत दर्ज की।

*********समाप्त************